UP: पैसे चार गुना करने के नाम पर नकली नोटों की गड्डी देकर लोगों को लगाते थे चूना, तीन गिरफ्तार

दिल्ली से सटे यूपी के गाजियाबाद में पुलिस ने ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह गैंग भोले-भाले लोगों को नकली नोटों की गड्डियां दिखाकर उनकी रकम को चार गुना करने का झांसा देकर ठगता था. इस धोखाधड़ी के लिए यह लोग बच्चों के चूरन वाले नकली नोटों का इस्तेमाल करते थे. नकली नोटों की गड्डी के ऊपर और नीचे असली नोट लगाकर लोगों का भरोसा जीतने का काम करते थे. दरअसल कोतवाली थाना क्षेत्र के इरफान नामक एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि उसके साथ 1.5 लाख रुपए की ठगी हुई है. पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू की और मुखबिर की सूचना पर चौधरी मोड़ इलाके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों में शाहिद, जियाउर रहमान और मोहम्मद अली शामिल हैं.

कैसे करते थे ठगी आरोपी नकली नोटों की गड्डियां बनाते थे और गड्डी के ऊपर और नीचे असली नोट लगाते थे. यह गड्डियां देखने में असली लगती थीं, जिससे लोग इन पर भरोसा कर लेते थे. इसके बाद आरोपी लोगों से उनकी रकम को दुगुना या चौगुना करने का वादा कर ठगी करते थे.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/ghaziabad-police-arrests-three-for-duping-people-with-fake-currency-bundles-lclk-dskc-2132120-2024-12-29